लोक सभा सचिवालय
प्रेस एवं जन सम्पर्क स्कंध
संसद भवन, नई दिल्ली

LOK SABHA SECRETARIAT
Press and Public Relations Wing
Parliament House, New Delhi

प्रेस विज्ञप्ति PRESS RELEASE

लोक सभा अध्यक्ष ने फ्रैंकफर्ट में अप्रवासी भारतीय समुदाय से भेंट की

फ्रैंकफर्ट 18 अक्टूबर 2019: लोक सभा अध्यक्ष श्री ओम बिरला के नेतृत्व में भारतीय शिष्टमंडल ने आज बेलग्रेड सर्बिया में आयोजित अंतर-संसदीय संघ की 141वीं बैठक में हिस्सा लेकर बेलग्रेड से भारत लौटते हुए जर्मनी की आर्थिक और सांस्कृतिक राजधानी फ्रैंकफर्ट में भारतीय समुदाय के साथ मुलाकात की। श्री बिरला ने जर्मनी में भारत की सांस्कृतिक विरासत को बढ़ावा देने और लोकप्रिय बनाने के लिए जर्मनी की सरकार और वहां के लोगों को धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा कि जर्मनी और भारत के बीच पुराने सांस्कृतिक और राजनयिक संबंध रहे हैं और इन संबंधों को जर्मनी में रह रहे भारतीयों के कारण सशक्त हुये हैं।

श्री बिरला ने रेखांकित किया कि भारत और जर्मनी के बीच इस नई सदी में संबंधों की नई गाथा लिखी जा रही है। भारतीय समाज को सम्बोधित करते हुए श्री बिरला ने कहा कि जर्मनी में भारत के दूतावास और दूसरे भारतीय संगठनों ने भारत एवं जर्मनी के सांस्कृतिक और शैक्षिक संबंधों को प्रगाढ़ बनाने के साथ-साथ राजनैतिक और आर्थिक सहयोग को भी बढ़ावा दिया है। उन्होंने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि पिछले 4-5 वर्षो में दोनों देशों के बीच कई उच्चस्तरीय यात्राओं के कारण हमारे संबंधों को मजबूती मिली है।

भारत और जर्मनी के घनिष्ठ संबंधों का उल्लेख करते हुए श्री बिरला ने कहा कि जिस तरह से जर्मनी में भारतीय बॉलीवुड फिल्मों ने नई जगह बनाई है, उसी तरह भारत के मेक इन इंडिया कार्यक्रम को भी जर्मनी की तरफ से पूर्ण सहयोग मिला है। श्री बिरला ने उन्हें भारतीय अर्थव्यवस्था के मजबूत और आगे बढ़ते कदमों के बारे में बताया। विश्वव्यापी आर्थिक मंदी को लेकर लोगों की शंकाओं को दूर करते हुए उन्होंने कहा की भारत सरकार हर स्थिति से निपटने को तत्पर है। कॉर्पोरेट टैक्स में कमी का जिक्र करते हुए उन्होंने भरोसा दिलाया कि भारत में किसी भी तरह के आर्थिक संकट से जीतने का सामर्थ्य है। उन्होंने आगे कहा कि विश्व बैंक के ईज़ ऑफ डूइंग बिजनेस में भी भारत की रैंक काफी सुधरी है। उन्होंने आशा व्यक्त करते हुए कहा कि इससे आने वाले समय में दोनों देशों के बीच आर्थिक सम्बन्धो में सहयोग और बढ़ सकता है।

श्री बिरला ने कहा कि भारत और जर्मनी के बीच संसदीय संबंधों का भी पुराना इतिहास है। 1971 से औपचारिक रूप से जर्मन बुंदेस्टाग में भारत-जर्मन संसदीय संघ के बनने के बाद से दोनों देशों के संबंध निरंतर बढ़ते रहे हैं। श्री बिरला ने आगे कहा कि हाल में दोनों देशों के सांसदों के एक-दूसरे देशों में दौरों से द्विपक्षीय संबंधों को और शक्ति मिली है।

LOK SABHA SPEAKER MEETS INDIAN DIASPORA IN FRANKFURT

Frankfurt 18 October, 2019: The Indian Parliamentary Delegation (IPD) led by Lok Sabha Speaker Shri Om Birla, halted briefly in Germany today on its way back from Belgrade, Serbia after participating in 141st Assembly of Inter Parliamentary Union. The Indian Parliamentary Delegation held an informal meeting with the Indian community in the financial and cultural capital of Germany, Frankfurt. Shri Birla thanked the Government and the people of Germany for supporting and popularizing Indian culture and heritage in Germany. He added that Germany and India have historic cultural and diplomatic ties and that these ties are strengthened by the Indian Diaspora settled in Germany.

Shri Birla underlined that Germany and India are writing a new chapter in their relations in this new century. Shri Birla said that the Indian Embassy in Germany along with other Indian organisations have played a key role in strengthening cultural and educational ties along with political and economic relations between India and Germany. He expressed happiness that in the last 4-5 years many high level meetings had reinforced relations between the two countries.

Taking note of the close relations between India and Germany, Shri Birla said that just as Bollywood films have made a mark in Germany, India has received support from Germany in its Make in India program. Shri Birla informed them about steps being taken to strengthen the Indian economy. Dispelling doubts over worldwide economic recession, he added that the Indian Government is always ready to deal with any situation. Mentioning about the lowering of Corporate Taxes, Shri Birla assured that India has the capacity to cope with any economic problem. He added that India’s rank has improved considerably in the World Bank’s Ease of Doing Business. He hoped that economic cooperation between the two countries would improve in the coming years.

Shri Birla further said India and Germany have had historical Parliamentary ties. After the formal establishment of the Indo-German Parliamentary group in the German Bundestag in 1971, the relationship between the two countries has improved constantly. Shri Birla said that recent tours undertaken by Parliamentarians to each other’s countries have strengthened the bilateral bonds between India and Germany.